बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

# बैंक के डिजिटल उत्पादों में हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाएं

bob World
बॉब वर्ल्ड

बड़ौदा जेम्स Baroda Gems
Growth & Empowerment Management System
बड़ौदा जेम्स

बीसी पोर्टल
BC Portal
बीसी पोर्टल



एचआर कनेक्ट



व्हाट्सऐप बैंकिंग



ट्रांजेक्शन एसएमएस


पासबुक प्रिंटिंग

bob अभिव्यक्ति
बॉब अभिव्यक्ति



शब्दनाद


चैटबॉट

bob World Internet
बॉब वर्ल्ड इंटरनेट

## ट्रांजेक्शन एसएमएस एक झलक



महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III

“प्रगति केवल शिक्षा के प्रसार
से ही प्राप्त की जा सकती है।
कुछ भी प्राप्त करने के लिए
सहयोग आवश्यक होता है और
यह सहयोग प्रदान करने की
तैयारी लोगों में तब तक
नहीं होगी, जब तक वे
शिक्षित नहीं होंगे”

*****

# हिंदी एवं भारतीय भाषाओं में ट्रांजेक्शन एसएमएस की सुविधा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यव्यवहार का केंद्रबिंदु ग्राहक है। बैंक हमेशा अपने ग्राहकों को उनकी आवश्यकता पर आधारित उत्पाद, ऐप एवं सेवाएं उपलब्ध करवाकर श्रेष्ठ ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




भारत एक बहुभाषी देश है जहां हिंदी के साथ साथ कई क्षेत्रीय भाषाएं मौजूद हैं। स्वभावतः ग्राहक अपनी भाषा में बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना चाहता है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने ग्राहकों की इस आवश्यकता को महसूस किया और इस दिशा में अपने प्रयासों को और गति देते हुए ग्राहकों को भेजे जाने वाले लेनदेन संबंधी एसएमएस को ग्राहकों के लिए भारत की प्रमुख 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया।

ग्राहकों से इस सेवा के लिए उत्साहवर्धक प्रतिसाद मिला जिसे देखते हुए ग्राहकों को सम्पूर्ण एसएमएस सेवा उनकी अपनी भाषा में मिल सके इस उद्देश्य से 'बैंकिंग आपकी भाषा में' टैगलाइन के साथ अन्य माध्यमों से भेजे जाने वाले एसएमएस को भी प्रमुख भारतीय भाषाओं में उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया और आज हमारे यूपीआई, बॉब वर्ल्ड, एटीएम, भीम बड़ौदा पे आदि चैनलों से किए जाने वाले लेनदेन के संबंध में ग्राहकों को उनकी भाषा में एसएमएस उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होने के साथ साथ उन भाषाओं के प्रयोग में भी वृद्धि हुई है।

# भारतीय भाषाओं में एसएमएस प्राप्त करने हेतु चयन प्रक्रिया

बैंक द्वारा लेन-देन संबंधी एसएमएस हिंदी एवं अंग्रेजी सहित 13 भारतीय भाषाओं में भेजे जाते हैं. इस व्यवस्था के तहत ग्राहकों को "LANG अपनी पसंद की भाषा लिखकर" 8422009988 पर भेजना होता है (उदाहरण – हिंदी के लिए – LANG HIN, गुजराती के लिए – LANG GUJ लिखकर 8422009988 पर भेजना होता है). इसके पश्चात ग्राहकों को लेन-देन करने पर उनकी पसंदीदा भाषा में एसएमएस प्राप्त होने लगते हैं। विभिन्न भहशाओं के लिए भाषा कोड पृष्ठ संख्या 1 पर दिए गए हैं।

## प्रोसेस फलो:

"LANG (अपनी पसंदीदा भाषा)"

↓

उदाहरणार्थ
LANG<SPACE>HIN

↓

8422009988 पर भेजें

↓

इस प्रक्रिया के बाद ग्राहक को चयनित भाषा संबंधी पुष्टि का एसएमएस निम्नानुसार प्राप्त होगा:

"You have subscribed for SMS alert default language as Hindi - Bank of Baroda"

# ग्राहकों द्वारा अपनी पसंदीदा भाषा में लेनदेन संबंधी एसएमएस प्राप्त करने हेतु विभिन्न माध्यम

**फिनेकल में SMSLANG मेनू की शुरुआत**

बैंक के ग्राहकों के हिंदी एवं भारतीय भाषाओं में लेन-देन संबंधी एसएमएस की सेवा के अनुरोध पर कार्रवाई के लिए फिनेकल सिस्टम में नए मेनू SMSLANG का सृजन किया गया है। इसके माध्यम से खाता खोलते समय अथवा उसके उपरांत भी ग्राहक के अनुरोध पर शाखा द्वारा ग्राहक की पसंदीदा भाषा में लेन-देन संबंधी एसएमएस का विकल्प चुनने की सुविधा उपलब्ध है।

**ऑटो बॉब वर्ल्ड**

बैंक का मोबाइल बैंकिंग ऐप्लिकेशन 'बॉब वर्ल्ड' 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। इस ऐप के माध्यम से ग्राहकों द्वारा चयनित पसंदीदा भारतीय भाषा में लेनदेन संबंधी एसएमएस हिंदी सहित 12 भारतीय भाषाओं में प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।

**टैब बैंकिंग**

टैब बैंकिंग के माध्यम से खोले जाने वाले खातों में ग्राहकों की सुविधानुसार अपनी पसंदीदा भारतीय भाषा में लेन-देन संबंधी एसएमएस चयन करने की सुविधा उपलब्ध है।

**बीएसबीडी जनधन खाते**

बैंक के सभी बीएसबीडी एवं जनधन खातों में एसएमएस अलर्ट हेतु स्थानीय भाषा का विकल्प दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके तहत बैंक द्वारा बीएसबीडी, जनधन योजना के तहत खोले गए 12 करोड़ खातों में हिंदी सहित 12 क्षेत्रीय भाषाओं में ट्रांजेक्शन संबंधी एसएमएस भेजने की सुविधा सक्रिय करने की व्यवस्था केंद्रीकृत रूप से कर दी गई है।

# बैंक के विभिन्न डिजिटल चैनल के माध्यम से ग्राहकों को उनकी पसंदीदा भाषा में भेजे जाने वाले लेनेदेन संबंधी एसएमएस के नमूने

बैंक ऑफ़ बड़ौदा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और व्यवसाय विकास की दृष्टि से नवोन्मेषी पहल करने में सदैव अग्रणी रहा है। ग्राहकों को अपने उत्पाद और सेवाएं सहजता से उनकी भाषा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ने अपने विभिन्न ऐप/ सेवाओं में हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं का समावेश किया है। बैंक ग्राहक सेवा को प्राथमिकता देना और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु प्रतिबद्ध है। ग्राहकों को उनकी पसंदीदा भाषा में बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के क्रम में बैंक के विभिन्न चैनलों के माध्यम से किए गए लेनदेन संबंधी एसएमएस हिंदी सहित 12 भारतीय भाषाओं में प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।


| | |
|---|---|
| **आरटीजीएस/ एनएफटी**<br>**RTGS/ NEFT** | <br> |
| **अंतरण**<br>**Transfer** | <br> |

| | |
|---|---|
| **जमा**<br>**Credit** | राशि रु.12000 MBK/ 324617866281 से खाता सं 1888 में जमा की गई. कुल शेष राशि रु..12169.65CR. उपलब्ध शेष राशि रु. 12169.65(03-09-2023 15:53:20).- बैंक ऑफ़ बड़ौदा |
| **इसीएस**<br>**ECS** | Monday, 7 Aug • 17:05<br>राशि रु.2156 खाता सं.1888 से ACH Debit/LIC OF को अंतरित की गई.कुल शेष राशि रु..2596.2CR. उपलब्ध शेष राशि रु. 4232.2(07-08-2023 12:53:53).- बैंक ऑफ़ बड़ौदा<br>17:05 |
| **यूपीआई**<br>**UPI** | VM-BOBTXN<br>राशि रु.758.1 खाता सं.1888 से UPI/324640103220 को अंतरित की गई.कुल शेष राशि रु..169.65CR. उपलब्ध शेष राशि रु. 169.65(03-09-2023 12:13:45).- बैंक ऑफ़ बड़ौदा |
| **प्रतिपूर्ति**<br>**Reimbursement** | राशि रु.400 Car Parkin2023_0 से खाता सं 9904 में जमा की गई. कुल शेष राशि रु..218266.63CR. उपलब्ध शेष राशि रु. 194236.63(05-06-2023 15:46:39).- बैंक ऑफ़ बड़ौदा |


| | |
|---|---|
| **एटीएम**<br>**ATM** | राशि रु. 1000 खाता सं. 9449 में ATM TID 00074055/C संदर्भ सं. 100101253894 द्वारा आहरित की गई. उपलब्ध शेष राशि रु. 2014.2(01-01-2021 01:03:49). यदि आपके द्वारा लेन-देन नहीं किया गया है तो 18002584455 पर संपर्क करें- बैंक ऑफ़ बड़ौदा |
| **आईएमपीएस**<br>**IMPS** | राशि रु. 145503.23 खाता सं. 9592 में IMPS के माध्यम से जमा की गई. कुल शेष राशि: रु. 448340.08. उपलब्ध शेष राशि रु. 533340.08 (04-03-2021 20:25:27).- बैंक ऑफ़ बड़ौदा |
| **चेक**<br>**Cheque** | राशि रु. 20000 हेतु चेक सं. 961 खाता सं. 1352. से नामे किया गया. कुल शेष राशि: रु.68934.56. उपलब्ध शेष राशि रु.73892.56(14-05-2021 18:22:37).– बैंक ऑफ़ बड़ौदा |
| **आहरण**<br>**Withdrawal** | राशि रु. 5000 खाता सं. 5386 से आहरित की गई. कुल शेष राशि रु. 58652.36. उपलब्ध शेष राशि रु. 62384.36 (22-04-2021 14:26:12) - यदि कोई विसंगति हो तो शाखा/ 18002584455 पर संपर्क करें - बैंक ऑफ़ बड़ौदा |

# हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में एसएमएस टेक्स्ट की कुछ झलकियां




हिंदी





ਪੰਜਾਬੀ





गुजराती


# हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में एसएमएस टेक्स्ट की कुछ झलकियां





मलयालम





असमिया




मराठी





तमिल




तेलुगु




बांगला



कन्नड़



उर्दू

*****

"हृदय की कोई भाषा नहीं है, हृदय-हृदय से बातचीत करता है और हिंदी हृदय की भाषा है।"
- महात्मा गांधी

*****

"हिंदी हमारे देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत है।" - माखनलाल चतुर्वेदी

*****

"कैसे निज सोए भाग को कोई सकता है जगा,
निज भाषा-अनुराग का अगर अंकुर नहीं उर में उगा।" - हरिऔध

*****

"जिस देश को अपनी भाषा और साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता"
- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

आज़ादी का अमृत महोत्सव

bob World

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

विजया VIJAYA | देना DENA

# हमारे साथ व्हाट्सएप पर जुड़ें!

## विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के आसान उपयोग के लिए हमसे चैट करें.

- शेषराशि की पूछताछ
- लघु विवरणी
- चेकबुक अनुरोध
- चेक की स्थिति
- डेबिट कार्ड ब्लॉक करना
- ऑफर्स एवं अन्य आकर्षण




टोल फ्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 | www.bankofbaroda.in | हमें फॉलो करें